# क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी का शिकंजा

**4,189 करोड़ की संपत्ति जब्त, एक भगोड़ा घोषित : मंत्री पंकज चौधरी**

**ईडी ने 29 आरोपियों को किया गिरफ्तार**



**नई दिल्ली, 08 दिसंबर. क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है. लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 4,189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की.**

इसी कार्रवाई में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया. अब तक 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 22 आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं. आईटी विभाग ने भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर रखी. जांच में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला और 44,057 करदाताओं को नोटिस भेजा गया. सरकार ने संसद में साफ किया कि फिलहाल भारत में क्रिप्टो एसेट्स अनरेगुलेटेड हैं, लेकिन इसके लेनदेन की निगरानी और जांच को मजबूत किया जा रहा है.

वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि सीमा रहित प्रकृति के कारण केवल घरेलू नियम पर्याप्त नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय समन्वय जरूरी है. लोकसभा में क्रिप्टो घोटालों पर केंद्र सरकार ने गंभीर कदमों का खुलासा किया. वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि ईडी ने पीएमएलए के तहत 4,189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और एक आरोपी को भगोड़ा घोषित किया गया. अब तक 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 22 आरोप पत्र दाखिल किए गए. यह कार्रवाई क्रिप्टो धोखाधड़ी और वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग के खिलाफ सरकार की गंभीरता को दर्शाती है. ईडी की कार्रवाई के साथ-साथ आयकर विभाग ने भी वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन पर नजर रखी. तलाशी और जब्ती अभियानों में 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला. इसके अलावा, 44,057 करदाताओं को नोटिस भेजे गए, जिन्होंने अपने निवेश या व्यापार की रिपोर्टिंग नहीं की.

## शेयर बाजारों में भारी गिरावट


**मुंबई, 08 दिसंबर.** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया. शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गयी. मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया. एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया. सार्वजनिक बैंकों के सूचकांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही.

# युवा बने राष्ट्रनिर्माण के मजबूत आधार

## मंत्री गोयल ने 29,000 छात्रों से की सार्वजनिक जीवन में आने की अपील

**नई दिल्ली, 08 दिसंबर. एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के वार्षिक दीक्षांत समारोह में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा योगदान प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना, उनका विकास करना और उनकी क्षमताओं को सम्मान देने वाला मंच उपलब्ध कराना होता है.**

उन्होंने ऑनलाइन और ऑन-कैंपस मिलाकर लगभग 29,000 छात्रों के विशाल ग्रेजुएटिंग बैच को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां ही इस समारोह का वास्तविक केंद्र हैं. केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय की मेरिट-आधारित स्कॉलरशिप प्रणाली की प्रशंसा की, जिसने आवश्यकता-आधारित प्रवेश को संभव बनाया है. उन्होंने यह भी बताया कि यहाँ की आधी छात्र आबादी युवा महिलाओं की है और छात्रों के पास 450 से अधिक पेटेंट हैं. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 50 फैकल्टी सदस्य रामलिंगम स्वामी फेलो हैं जो राष्ट्र सेवा के लिए वापस लौटे हैं. पीयूष गोयल ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को याद करते हुए कहा कि संविधान के मूल्यों-समानता, सामाजिक सद्भाव और सभी के लिए अवसर को हमेशा याद रखना चाहिए.



गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन का उल्लेख किया, जिसमें पीएम ने एक लाख युवाओं से सार्वजनिक जीवन और राजनीति में आने की अपील की थी. उन्होंने कहा कि देश को ईमानदार और समर्पित सार्वजनिक नेताओं की आवश्यकता है जो 140 करोड़ नागरिकों को कर्तव्य और जिम्मेदारी का संदेश दे सकें-पहले परिवार के लिए, फिर समाज के लिए और अंत में राष्ट्र के लिए. उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय राजनीति और सार्वजनिक जीवन पर गहरी समझ विकसित करने में छात्रों की मदद करें और उन्हें जनप्रतिनिधियों के साथ इंटर्नशिप के अवसर भी दें ताकि वे शासन और सार्वजनिक सेवा को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें.

# डोनाल्ड ट्रम्प ने नेटफ्लिक्स-वॉर्नर डील रोकी

**नई दिल्ली, 08 दिसंबर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स के बीच हो रही 72 बिलियन डॉलर की रिकॉर्ड डील पर खुलकर आपत्ति जताई है.**



उनका कहना है कि इस सौदे से नेटफ्लिक्स का पहले से मौजूद बड़ा मार्केट शेयर और बढ़ जाएगा, जिससे मीडिया इंडस्ट्री में प्रतियोगिता कम हो सकती है और यह उपभोक्ताओं के हित में नहीं होगा. ट्रम्प ने साफ कर दिया कि वे इस डील के फैसले में खुद शामिल रहेंगे, क्योंकि सेक्टर में तेजी से हो रहा कंसोलिडेशन बाजार संतुलन के लिए खतरा बन सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि दिग्गजों का दबदबा बढ़ने से हॉलीवुड की पारंपरिक इंडस्ट्री पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. हालांकि उन्होंने नेटफ्लिक्स के को-सीईओ टेड सारंडोस की जमकर तारीफ भी की. फेडरल अथॉरिटी ने इस डील की एंटीट्रस्ट जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह सौदा मीडिया मार्केट में एकाधिकार बढ़ाएगा. डील के लागू होने के बाद नेटफ्लिक्स को वॉर्नर ब्रदर्स के फिल्म और टीवी स्टूडियोज के साथ जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म भी मिल जाएंगे.

# चीन का निर्यात 5 .9 प्रतिशत बढ़ा

## अमेरिका को निर्यात में पिछले साल की तुलना में 29% की गिरावट आई

**नई दिल्ली, 08 दिसंबर. नवंबर में चीन के निर्यात में 5.9त्न की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अमेरिका को निर्यात में पिछले साल की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट आई. सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार, चीन का कुल निर्यात 330.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अर्थशास्त्रियों के अनुमान से बेहतर है.**



अक्टूबर में निर्यात में 1.1त्न की गिरावट आई थी, इसलिए यह सुधार सकारात्मक संकेत देता है. हालांकि, अमेरिका को निर्यात में लगातार आठवें महीने दोहरे अंकों में गिरावट का सामना करना पड़ा. इसके विपरीत, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे अन्य गंतव्यों में चीन का निर्यात बढ़ा. चीन की कारखाना गतिविधि लगातार आठवें महीने संकुचित रही, जिससे घरेलू उत्पादन और व्यावसायिक निवेश पर दबाव बना. विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका-चीन व्यापार समझौते और अमेरिकी टैरिफ में कटौती से निर्यात को लाभ होगा, लेकिन पिछले साल की तेज वृद्धि के कारण इस साल वृद्धि मामूली दिखाई दे रही है. भविष्य में चीन की वैश्विक निर्यात हिस्सेदारी में उन्नत विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में वृद्धि के कारण बढ़ोतरी की संभावना है.

# खेल से निखरती है बहुआयामी प्रतिभाएं

**नई दिल्ली, 08 दिसंबर लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रियदर्शिनी विहार, के भव्य प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस युगों -युगो से गतिशील विद्यार्थियों द्वारा भारतीय शिक्षा का आयोजन जीवंतता और जीवन को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की बहुआयामी प्रतिभा की धनी प्रधानाचार्या डॉ भावना, निदेशक डॉ मनोज मलिक, मुख्य अतिथि के रूप में अभय वर्मा अन्य अतिथिगणों के सान्निध्य में औपचारिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया. जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों, खेल एवं दौड़ प्रतियोगिताओं में बढ़ - चढकर हिस्सा लिया. विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डॉ मनोज द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं साथ ही साथ मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों के आधार पर पुरुस्कृत भी किया गया.

# सोने में आई मजबूती चांदी ने रचा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर. सोना-चांदी के दामों में लगातार हो रही तेजी ने आम निवेशकों से लेकर ज्वेलर्स तक की चिंता और उत्सुकता दोनों बढ़ा दी है. आज 8 दिसंबर को चांदी ने इतिहास रच दिया है.**

धातुओं की इस तेजी के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारक काम कर रहे हैं—जैसे केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीद, क्रिप्टो मार्केट में अस्थिरता और शादी के सीजन में जोरदार मांग. इसके अलावा भारत में पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार की तुलना में सोना ज्यादा आकर्षक निवेश बनकर उभरा है. इतना ही नहीं, इस साल सोना अब तक 52,529 और चांदी 93,093 तक महंगी हो चुकी है. विशेषज्ञों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर के प्रति घटती निर्भरता सोने को और ऊंचाइयों पर पहुंचा सकती है. कुछ विश्लेषक तो इस साल सोना 1,35,000 प्रति 10 ग्राम तक जाने की संभावना जता रहे हैं. भारत के कीमती धातु बाजार में तेज उछाल देखने को मिल रहा है और सोमवार इसका बड़ा उदाहरण बना. चांदी की कीमतें ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गईं, जिसने बाजार और निवेशकों दोनों को चौंका दिया है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत 900 बढ़कर 1,79,110 प्रति किलो पहुंची. यह नए ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड है. पिछले दिन इसका भाव 1,78,210 था. सोना भी मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है. 10 ग्राम सोना आज 99 महंगा होकर 1,28,691 पर पहुंचा. 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 का ऑल टाइम हाई बनाया था, और बाजार विशेषज्ञों के अनुसार यह स्तर जल्द फिर देखने को मिल सकता है. इन बढ़तों के पीछे तीन प्रमुख कारण हैं.

## नवंबर से यात्री वाहन बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली,.** देश में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री नवंबर में सालाना 19.71 प्रतिशत बढ़कर 3,94,152 पर पहुंच गयी जबकि दुपहिया वाहनों की बिक्री 25,46,184 इकाई रही जो एक साल पहले के मुकाबले 3.10 प्रतिशत कम है.

## इंडिगो संकट से होटल उद्योग को बड़ा झटका

**नयी दिल्ली.** इंडिगो संकट के कारण पिछले एक हफ्ते में देश के प्रमुख शहरों में होटल उद्योग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है और मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण लोगों में हवाई यात्रा को लेकर भरोसा कम हुआ है. होटल कारोबार से जुड़े लोगों ने इस तरह के विचार व्यक्त किये हैं. नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के क्लस्टर महाप्रबंधक मनुज बहल ने कहा, पिछले एक हफ्ते में कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है. होटलों की बुकिंग में 20 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आयी है. लोग होटल इसलिये बुक नहीं कर रहे हैं क्योंकि हवाई यात्रा को लेकर उनका भरोसा कम हुआ है. गौरतलब है कि नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप उत्तर भारत में शादी समारोह के लिए एक लोकप्रिय स्थल उदयपुर में हॉवर्ड जॉनसन और रमाडा एनकोर होटल चलाता है.


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन**

**No.** C/BPL/PNU/BPL/E-Auction/2025-02, **Date:** 08.12.2025. भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल भोपाल द्वारा पे एंड यूज के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन के कैटलॉग्स आईआरईपीएस पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। कैटलॉग्स की जानकारी इस प्रकार है।

| Sr. No. | Catalogue number | Type of contract | Lot No./ Bid No. | Contract Period | Date and time of close of e-auction |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | C-BPL-PNU-BPL | Pay & Use | PnU-BPL-BPL-Toi-1-25-01 (Pay and use Toilets) | 3 Years (1096 day) | 16.12.2025 at 12:30 |

संपूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

**क्रमांक 2596/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है.

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्री राहुल पोर्लिकर/ आत्मज श्री हरिहरराव पोर्लिकर निवासी ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 67/1/3, 68, 79/7/2, 80, 81, 83 व अन्य खसरों के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड क्रमांक ए 46 जिसका कुल रकबा 125.4252 वर्गमीटर के आधार पर नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे. समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

सील

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**



**The Court Of I District and Additional Sessions Judge, District Court, Sehore**

Presiding Officer: श्रीमति स्मृता सिंह ठाकुर

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकरण हेतु)
(RCA/0000051/2024)

सुमंतराबाई.....................वादी
Vs
राजो बाई.....................प्रतिवादी

Process ID /2025
पेशी दिनांक 13/01/2026

प्रेषिती-
(1) ममता बाई पुत्री श्रीलाल पत्नि राजेश पता- ग्राम बमोनिया परवलिया थाने के पास जिला भोपाल
(2) लक्ष्मीबाई पुत्री श्रीलाल पत्नि लखन पता- ग्राम भेरूपुरा ईंटखेड़ी जिला भोपाल

यह कि प्रार्थी सुमंतराबाई पत्नि शिवनारायण आयु 65 वर्ष निवासी ग्राम निपानिया चेतन पोस्ट बोरखेड़ा तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ़ कृषक बमूलिया दौराहा तहसील श्यामपुर जिला सीहोर ने आपके विरुद्ध नियमित व्यवहार अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज़ पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 05 दिसंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सीहोर (म.प्र.)**



**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**TENDER NOTICE NO. 106**

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for works such as guttering and road concreting within the limits of the lokshair Annabhau Sathe Nagari Dalit Vasti Sudharana Yojana. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 09/12/2025 09.30 AM to 16/12/2025 at 3.30 PM. Tender Opening Date 17/12/2025 at 4.00 pm. Date 08/12/2025

**Sd/-**
**City Engineer**
**Kolhapur Municipal Corporation**



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**
**(CIN: L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **17/12/2025** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 171007603 | लखन यादव | बैतूल रूरल |
| 165645098 | सोनू मीणा | गुना एमबीएल |
| 159786061 | मनीष सेंगर | विदिशा रूरल |
| 171911906 | दीपक कीर | होशंगाबाद रूरल |
| 168055765 | दीपक सरवैया | एमपी नगर जोन-1 शाखा |
| 168586474 | शेख अफराज | होशंगाबाद रूरल |
| 160541968 | मनोहर सिंह राजपूत | होशंगाबाद रूरल |
| 165869331 | सोनू मीणा | गुना एमबीएल |
| 159751703 | भरत यादव | बैतूल रूरल |
| 160155114 | फरजाना अली | बैतूल रूरल |

नीलामी 17/12/2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 17/12/2025 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.

**दिनांक- 09/12/2025, स्थान- मध्य प्रदेश**



**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा एचएलसी-2 (सार्क विंग)
एचएलसी-2, चिनार इनक्यूब, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2983017

**वित्तीय आस्तियों की वसूली अधिनियम SARFAESI Act. 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/गारंटर ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्हें बिना तामील किए वापस कर दिया गया है और इस प्रकार उन्हें यह सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| बकायादार/जमानतदार का नाम | सूचना दिनांक / NPA की दिनांक | देय राशि रू. | बंधक संपत्ति का विवरण एवं भवन/प्लाट की सीमाएं/ स्थिति |
|---|---|---|---|
| **श्री अरूण कुमार द्विवेदी पुत्र श्री विष्णु प्रसाद द्विवेदी** पता:- फ्लैट नं. बी04/303, तृतीय तल फॉच्यून सौम्या एटलांटिक, ग्राम बगली, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल। | 27.11.2025 / 01.11.2025 | खाता क्र.: **35974108316** दिनांक 27.11.2025 को रु. **3,65,110.00** + देय ब्याज व अन्य खर्च | आवासीय संपत्ति फ्लैट नं. बी04/303, तृतीय तल फॉच्यून सौम्या एटलांटिक, ग्राम बगली, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल, **क्षेत्रफल** 610.95 वर्ग फीट, **सीमाएं-** पूर्व: कॉमन एरिया, पश्चिम: फ्लैट नं. बी-05/302, उत्तर: फ्लैट नं. बी-04/304, दक्षिण: रोड, **सम्पत्ति का मालिक:** श्री अरूण कुमार द्विवेदी पुत्र श्री विष्णु प्रसाद द्विवेदी। |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं औरध्या उनके गारंटर को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है। ऐसा न करने पर वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे।
इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 08.12.2025, स्थान : भोपाल **प्राधिकृत अधिकारी**



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Government of M.P.Undertaking)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (CIVIL), A-1 Chambal Colony, GOVINDPURA, BHOPAL
Ph.0755-2678206, E-Mail : gmcivil.mkvvcl@gmail.com
No.50/DGM(C)/BPL/PUR/3861-62 Bhopal, Dated : 08.12.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations for 36 months:-

| Name of Unit/ Office | Particulars | Due Date of submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Manager (Civil) Sub Division-2 Bhopal | Hiring of one No. vehicle Type E: Air-conditioned Jeep Category MUV with min. engine capacity 1450 CC (for Petrol/Diesel) with Airbags and ABS under (O&M) Circle Bhopal. | 15.12.2025 Up to 15:00 Hrs. | 16.12.2025 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** & **www.mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123418/2025 **General Manager (Civil)**



SMFG Grihashakti — Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
**पंजीकृत कार्यालय:** कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के अंतर्गत, मैं, अधिनियम के अंतर्गत एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे आगे एसएमएचएफसी कहा जाएगा) का प्राधिकृत अधिकारी हूं तथा अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी करता हूं, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे हस्ताक्षरकर्ता का यथोचित मानना है कि उधारकर्ता (ऋणकर्ता) मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नोटिस की तामील नियमों के अनुसार चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत की गई है:

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता संपत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला हो | सुरक्षित परिसंपत्तियों / बंधक संपत्ति का विवरण | डेमो नोटिस का विवरण धारा 13 (2) और संपूर्ण ओ/एस के तहत। |
|---|---|---|---|
| 1 | लैन: 619339212110055 1. अनिल मोहन लाल 2. रानी बाई Add: ग्राम भाफोड़ भूफोड़ सीहोर 466116 | ऑल दैट पीस एंड पार्सल आवासीय भूखंड संख्या 64, पीएच नं. 49, सर्वे नंबर 120/1/2, श्री अंजनी नगर, फेज-4, गाँव घनश्यामपुरा, तहसील आष्टा, जिला सीहोर, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.76 वर्ग मीटर) संपत्ति की सीमा के अनुसार। पूर्व में विक्रेता की भूमि, पश्चिम में कॉलोनी रोड, उत्तर में भूखंड संख्या 65 (देवेंद्र पंवार), दक्षिण में भूखंड संख्या 63 (शोभा साहू) | 11.11.2025 रु. 2294285.22 (बाईस लाख चौरानबे हजार दो सौ पिच्यासी और बाईस पैसे मात्र) 06.11.2025 तक एनपीए तिथि: 05.11.2025 |
| 2 | लैन: 604438011685427 1. रवि अहिरवार 2. सुनीता बाई, 3. विक्रम अहिरवार 4. मुंशी लाल पता : मकान नंबर 06 श्री नगर कॉलोनी हुजूर भोपाल 462001 | ऑल दैट पीस एंड पार्सल आवासीय भवन निर्मित भूखंड सं. 67 के एक भाग और पूरे भूखंड सं. 68 पर, खा.सं. 125/1/1, 125/1/2 और अन्य के कुछ भाग निशातपुरा में स्थित, पंचसेवा हाउसिंग सोसाइटी के पास, हुजूर, जिला भोपाल इसका क्षेत्रफल 54.90 वर्ग मीटर है। संपत्ति पूर्व में भूखंड संख्या 59 और 60, पश्चिम में 25' रोड, उत्तर में भूखंड संख्या 67 का एक भाग, दक्षिण में भूखंड संख्या 69 की सीमा है। | 11.11.2025 रु. 2046913.21 (रु. बीस लाख छियालीस हजार नौ सौ तेरह और इक्कीस पैसे मात्र) 06.11.2025 तक एनपीए तिथि: 05.11.2025 |
| 3 | लैन: 614839211799970 1. रामस्वरूप भवानी सिंह 2. मिथलेश बाई पता : बरबटपुरा आरोन मध्य प्रदेश 473101 | ऑल दैट पीस एंड पार्सल, पी.एच. संख्या 22 का एक भाग, सर्वेक्षण सं. 1172/1/1/18(एस), वार्ड संख्या 14, रिजोदा रोड, आरोन तहसील आरोन जिला, गुना (मध्य प्रदेश), इसका क्षेत्रफल लगभग 400 वर्ग फुट है। संपत्ति की सीमा इस प्रकार है: पूर्व-रामलेश यादव का मकान, पश्चिम-कॉलोनी रोड, उत्तर-यादव का मकान, दक्षिण-रिजोदा रोड। | 11.11.2025 रु. 1182367.89 (ग्यारह लाख बयासी हजार तीन सौ सड़सठ और नवासी पैसे मात्र) 06.11.2025 तक एनपीए तिथि: 05.11.2025 |

उधारकताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय के साथ भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि **एसएमएचएफसी** एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकताओं द्वारा बंधक रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो **एसएमएचएफसी** सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। **एसएमएचएफसी** को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के बाद, **एसएमएचएफसी** को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य **एसएमएचएफसी** को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत **एसएमएचएफसी** को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें उपलब्ध समय के संबंध में, सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को **एसएमएचएफसी** की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। डिमांड नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे नीचे हस्ताक्षरकर्ता से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

**एसडी/-**
**स्थान : सीहोर, भोपाल, गुना, मध्य प्रदेश** **प्राधिकृत अधिकारी,**
**दिनांक : 11.11.2025** **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।**